(श्री जगदीश प्रसाद गुप्त–सीतापुर)

इस भूतल पर समय समय पर महान विभूतियां तत्कालिक आवश्यकता के अनुसार आती रही है। राम के समय पृथ्वी तल पर अनेक प्रकार के अत्याचारों में बृद्धि होती गई। साधु पुरुषों का जीवन दुर्लभ होता गया। घटना चक्र इतना परिवर्तित हुआ कि सर्वत्र त्राहि त्राहि मच गई। ऐसी विकट परिस्थित में श्री रामचन्द्र जी का अवतार हुआ। उन्होंने तत्समयानुसार समाज सुधार करके शान्ति स्थापित की। रामराज्य का एक स्वर्णिम अवसर जनसाधारण को प्राप्त हुआ। कालान्तर में समय परिवर्तन होता गया और पुनः पृथ्वी पर सर्वत्र अशान्ति बढ़ती गई और फिर भगवान श्री कृष्ण जी का अवतार हुआ। उन्होंने विश्व में शान्ति स्थापित करने के प्रयास किये और अन्त में विश्व युद्ध की बिभीषिका सामने आयी। श्री कृष्ण जी ने अपनी अध्यात्मिक शक्ति का उपयोग जन कल्याणार्थ किया।

हमारे प्रभु का जन्म भी एक ऐसे ही समय में हुआ। समस्त विश्व अन्धकार में लड़खड़ा रहा था, मानव संसारिक जीवन को मुख्य मान बैठा। कण कण में भौतिक इच्छायें पल्लवित हो गई। मानव अपने मुख्य ध्येय विन्दु से दूर चला जा रहा था। मार्ग से भ्रमित हो गया। चारों तरफ अन्ध–विश्वास, अशान्ति का वातावरण उत्पन्न हो गया। भौतिक जीवन का बोल बाला हो गया। अध्यात्मिकता का जीवन केवल स्वप्नवत् रह गया। हमारे आचार्य, धर्मगुरु ईश्वर प्राप्ति के लिये समयानुकूल व्यवहारिक शिक्षा से परे होने लगे। ईश्वर की प्राप्ति एक दुरुह कार्य हो गया। गृहस्थ जीवन का महत्व अध्यात्मिक दृष्टि से कम हो गया। परम्परागत जीवन पद्धति को त्याग कर विकास के मार्ग पर चलने की बात सोचना भी नहीं पसन्द करते हैं। ईश्वर एक कल्पना मात्र रह गया। उसके प्राप्त करने के साधन जो भी हमें बताये जाने लगे वह जन साधारण के लिए कठिन हो गये। यम, नियम, आसन

प्राणायाम प्रत्याहार, धारणा, ध्यान एवं समाधि योग के आठ अंगों का पालन करना ईश्वर प्राप्ति के लिये आवश्यक बताया जाने लगा । बौद्धिकता, तर्क, ज्ञान, विज्ञान की ओर मन भ्रमने लगा । मानव वेद, उपनिषद, दर्शन, की परिचर्चा से मन की क्षणिक शान्ति प्राप्त कराने के लिये प्रयत्न करने लगा । ईश्वर को प्राप्त करने के लिये नकारात्मक साधना बतायी गई जो हमारे लिये उनका अनुसरण करना दुरुह कार्य हो गया ।

हमारे प्रभु ने सहज मार्ग साधना पद्धति का अन्वेषण करके ईश्वर प्राप्ति का मार्ग सर्वसाधारण के लिये सुलभ बना दिया । जन साधारण पद्धति के द्वारा हम अपने मार्ग पर अपने प्रभु की दया शक्ति के द्वारा शनैः शनैः उच्च स्थितियों को प्राप्त करने की ओर अग्रसर होने लगते हैं ।

हमारा प्रभु अपनी प्राणाहुति शक्ति के द्वारा हमारा मन उर्ध्वमुखी कर देता है और हम अन्तर्मुखी बनकर अपने मार्ग पर चलने लगते हैं ।

हमारा प्रभु हमारे दोनों—सासांरिक एवं आध्यात्मिक जीवन में प्रतिक्षण सहायक बनता जाता है । जहाँ वह हमारे आध्यात्मिक जीवन की उच्चतम स्थिति प्राप्त कराने के लिये पूर्णरूप से सक्षम हैं, वहाँ वह हमारे सांसारिक जीवन में भी पूर्णतया सहायक बनता जाता है । जितना ही लगाव अपने प्रभु से होता जाता है । उतना ही संसार के प्रति लगाव में कमी होती जाती है और सारा जीवन प्रभु की दिव्य शक्तियुक्त होकर कर्त्तव्य परायण होता जाता है । हमें संसार में समस्त कार्य करते हुये निर्लिप्तता के साथ विचरण करने लगते हैं ।

प्रभु की दया शक्ति से आसक्ति कम होने लगती है । आसक्ति दो प्रकार की होती है—पाजिटिव एवं निगोटिव लगाव । दोनों ही प्रकार की आसक्ति हमारी साधना में बाधक है । जब हम अपने सांसारिक जीवन में इतना लिप्त हो जाते हैं कि हमें प्रभु स्मरण का समय ही नही मिलता, हमें अपने प्रभु के पास जाने का अवसर ही प्राप्त नहीं होता है, इससे पाजिटिव आसक्ति कहते हैं । हमें समस्त कार्य कर्त्तव्य रुप में ही करना चाहिये और उसमें मालिक की याद समाहित होना चाहिये ।

निगोटिव आसक्ति हमारी साधना में और भी बाधक सिद्ध होती है । हमारा मन स्वभावतःबहिर्मुखी है और वह सदैव दूसरों की ओर ही देखा करता है कि अमुक व्यक्ति में क्या त्रुटियां हैं, क्या अवगुण हैं । जहाँ भी बैठते हैं, वहाँ उन त्रुटियों एवं अवगुणों की चर्चा का विषय बना लेते हैं । इसका परिणाम यह होता है कि जिस व्यक्ति में जा अवगुण होता है, उसका भोक्ता वह स्वयं है परन्तु विचार करते करते हम भी उसके भागीदार बनकर उन्हें अपने मन वचन कर्म में धारण कर लेते हैं और बाद में वह हमारे संस्कार का रूप धारण कर लेता है । हम भी उसके भोक्ता बन जाते है । हमारे अन्दर शनैः शनैः दुर्भाव, घृणा, ईर्ष्या, द्वेष, आदि भावों का प्रादुर्भाव होने लगता है जो हमारे जीवन को अशान्त एवं अव्यवाहरिक बना देता है । जीवन एक दलदल की भांति हो जाता है । इस प्रकार के विचारों से जो आसक्ति उत्पन्न होती है वह आध्यात्मिक जीवन की शत्रु बनकर हमारे सामने चट्टान बन कर खड़ी हो जाती है और हमारी प्रगति अवरूद्ध हो जाती है । इन दोनों प्रकार की आसक्ति से परे होने का एक मात्र साधन यह है कि हम अपने मन को प्रतिक्षण अपने प्रभु से जोड़ें रहे, सतत स्मरण में लगे रहें । दूसरों के गुणो का अवलोकन करें । यदि बुराइयां देखना है तो अपने अन्तर में झांके इससे अपनी स्पष्ट स्थिति दृष्टिगोचर होगी । यदि हमारा हृदय रूपी दर्पण शुद्ध है, कालिमा रहित है तो उसमें जो भी चेहरा दिखाई पड़ेगा वह स्वच्छ होगा । अपने प्रभु को अपने हृदय मन्दिर में स्थापित कर लें और प्रतिक्षण उनके दर्शन पायें ।

हमारा स्वभाव है कि हम अपनी इच्छाओं के अनुरूप अपने प्रभु को ढालने का सदैव प्रयास करते हैं लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि हमारा मन सीमित हैं, स्वार्थपरता से परिपूर्ण है जब कि हमारा प्रभु सर्वज्ञ, सर्वान्तिर्यामी एवं सर्वव्यापक है । वह हमारे जन्म जन्मान्तर के कार्यों, संस्कारों को दृष्टि में रखता है और संचित संस्कारों को भोगाता हुआ अपनी दया शक्ति का सहारा देते हुए आगे ले चलता है । आगे के संस्कार बनने न पायें, इसके लिए वह हमारे अन्तर में शक्ति प्रदान करके जीवन को केवल कर्तव्य मात्र के रूप में बना देता है । हमारा लगाव अपने प्रभु से स्थापित रहे, उसकी इच्छा के अनुरूप हमारा जीवन बनें, जो भी हम कार्य करें उसे मालिक की ओर से ही आया अथवा दिया हुआ समझे । मन, बचन, कर्म, में मालिक की याद

समा जाये और तन्मय होकर भूलजाये अपने को और रह जाये वह ही केवल हमारा स्वामी सर्वस्व ।

जब हम अपने प्रभु से प्रतिक्षण जुड़े रहेंगे तो हमारी इच्छा शक्ति बलवती बनेगी । सहजमार्ग साधना पद्धति मे हमारा नियन्त्रक प्रभु स्वयं है जो हमारे सर्वत्र विद्यमान रहता है और हमारे कार्यों को देखता है । जितनी निर्भरता प्रभु पर बढ़ती जायेगी उतनी ही हमारी प्रगति शीघ्रता से होगी ।

जीवन में अहं का भी अत्यधिक महत्व है । यह प्रकृति का मूल तत्व है, यह हमारी प्रगति में बाधक एवं सहायक दोनों है । अहं जब अहंकार में परिवर्तित हो जाता है तब वह बाधक है । शारीरिक सुन्दरता, बौद्धिक जीवन स्तर, ज्ञान–विज्ञान आदि किसी भी प्रकार का अहंकार हमें गर्त में ले जा सकता है । इसके लिये यह आवश्यक हैं कि हम जो भी कार्य मन, बचन, कर्म से करें, उसे प्रभु की याद में करें और उसका अच्छा बुरा जो भी फल प्राप्त हो उसे सहर्ष स्वीकार करें ।

मन में किसी अनावश्यक विचार को स्थान न दें, न अनावश्यक बातों पर ध्यान दें, न दृष्टि का अनावश्यक उपयोग करें । अनावश्यक कर्म से भी बचें । यह भी केवल तभी सम्भव है जब हम अपने प्रभु से प्यार करें, और उसका स्मरण करें और उसकी दयाशक्ति का अनुभव करे तथा उसके ही गुणगान करें । उसकी दया शक्ति हमारें व्यवहारिक जीवन में समा जाय । जितना भी हम अभ्यास करें, प्रभु का स्मरण कर वह सब हमारे व्यवहारिक जीवन में उतर जावे । इसके अभाव में हमारी साधना, हमारा प्रभु स्मरण सार्थक सिद्ध नही होता है । हमारा प्रियतम है, उसकी याद उसके दर्शन बिना चैन न आये ।

हमारा प्रभु सर्वत्र व्याप्त है और सबसे प्यार करता है । वह अपनी दयाशक्ति की वर्षा समान रूप से कर रहा है । अतः प्रभु की दयाशक्ति पाकर के हमारे अन्दर भी वही दिव्यतायुक्त प्यार उमड़ पड़े । व्यावहारिक जीवन में वह दिव्य प्यार हमारी बाणी एवं व्यवहार में दिखाई पड़ने लगे । जहां भी बैठे वहाँ पर अपने प्रभु के प्यार, उसकी दयाशक्ति, उसकी सहृदयता आदि का ही गुणनगान करें । ऐसा करते समय हमारे अन्तर में एक आनन्द



की लहर उमड़ पड़ती है और हम उस समय अपने को भूल जाते हैं, स्तब्ध से रह जाते हैं, सभी, खो जाते हैं अनन्त में, भान हो जाता है उस चिर शाँति आनन्दयुक्त समाधि का जिसके लिये वर्षानुवर्ष की तपस्या करनी पड़ती है और हमारे प्रभु ने उसे सरल बनाकर हमारे जीवन में उतार दिया है ।

प्रभु का क्षण मात्र का बिस्मरण अत्यन्त बेचैनी पैदा कर देता है और तभी हम अपने लक्ष्य की ओर तीव्रता से अग्रसर होने लगते हैं । समर्पण की भावना धीरे–धीरे जागृत होती जाती है । हमारी वृत्तियाँ संसार की ओर से धीरे-धीरे सिमटने लगती है । और अपने प्रभु में बिलय के लिये तैयारी करने लगती है । समस्त मानव जाति में एक बिश्वबन्धुत्व की भावना जागृत होने लगती है ।

वर्तमान समय के घटनाचक्र पर दृष्टि डालने से विदित होता है कि हमारे प्रभु को दयाशक्ति विश्व के निर्माण, पालन एवं संहार में लगी हुई है । मालिक ने प्रत्येक अभ्यासी को एक सिपाही के रुप में बनाया है । सिपाही का कर्तव्य होता है कि वह अपने कर्तब्य के प्रति सजग रहे जिससे जब भी उसका अधिकारी देखे तो उसे क्रिया शील पावे । पता नही किस समय उससे क्या काम लिया जाये । यही स्थिति प्रत्येक अभ्यासी की है । हमारे प्रभु द्वारा जो कार्य बिश्व कल्याण के लिये किया जा रहा है उसमें हम सबका पूर्ण सहयोग मन बचन एवं कर्म से आवश्यक है । एक बात यह स्पष्ट है कि जब भी महान बिभूति अवतरित होती है तब उसके सहयोगी भी यत्र तत्र बिखरे हुए अवतरित होते हैं । उन्हें एकत्र करने, संगठित होने आदि में कुछ समय अवश्य लग जाता है परन्तु वह धीरे–धीरे एक साथ आते जाते हैं और यही कारण है कि हमारे प्रभु की दया शक्ति से विश्व के कोने कोने में हमारे मिशन के केन्द्र स्थापित हो गये है और वह सभी लोग एकत्र होते दिखाई पड़ रहे है जिनसे प्रभु को काम लेना है । ऐसा ही पूर्व समयों पर भी हुआ है ऐसी स्थिति में हमारे लिये और भी आवश्यक हो गया है कि हम सदैव सजग रहे और प्रभु द्वारा दिये जाने वाले प्रत्येक संकेत को अपने अन्तर में स्थान दें । पता नही किस समय वह क्या संकेत हमारे तथा बिश्व कल्याण के लिये दें । अतः हम अपने प्रभु को ही देखें, सुने और स्मरण करें । हमारे प्रभु द्वारा हमारे अन्तर में बिखेरी जा

रही दिव्य शक्ति का उपयोग नि;संकोच मानव कल्याण में लगाये। उसकी दया शक्ति को सर्वत्र बिखेरें।

अन्त में हमारी यही प्रार्थना है कि हमारा प्रभु स्वस्थ एवं निरोग्य रह कर चिरायु होवे।


In the Servica of the Divine Master

Phones Office 76696
Resi 75753

**B. Rosaiah**
Agent
Life Insurance Corporation of India

**SRINIVAS**
11-2 -41, Raja Rangayyappa Rao Street
Vijayawada-520 001

With best compliments from

**N.V. RATTAIAH & Co.**
Engineers & Contractors,
240-2RT. Saidabad Colony
Hyderabad—500 59

Phono-59271




# आत्म खुराक

(सुश्री ऐस, लक्ष्मी, विक्रमसिंहपुरम-तमिलनाडु)

इस दुनियां में हमें जीवित रहने के लिए कुछ चीजों की आवश्यकता होती है। खासकर पानी और हवा ये दो चीजें बहुत जरूरी है। इसके अलावा आदमी के जिन्दा रहने के लिए जरूरी चीजे है रोटी, कपड़ा, और मकान। पोशाक तो लोग अपनीअपनी सुविधा के अनुसार और गति-विधि के अनुसार बना लेते हैं। उसी तरह घर भी बना लेते हैं। खुराक को भी ऐसा बना ही लेते हैं जैसे अपने अपने रूचि हो। लेकिन कुछ लोग ऐसा ही अपना जीवन बिता रहे हैं कि शरीर के लिए जो खुराक चाहिए उसे ही लेते हैं और उससे तृप्त भी हो जाते हैं। वे लोग यह सोचते नही कि और दो तरह की खुराक की आवश्यकता है। एक दिमाग के लिए, दूसरी आत्मा के लिए। अक्ल की खुराक ये है कि अच्छे अच्छे ग्रन्थ पढ़ना और साधु सन्तों की आत्म कथा पढ़ना। जब इन को पढ़ें तो उनके बारे में सोच-विचार करने की आदत आ जाती हैं, तभी उनकी अक्ल विकसित हो जाती है। फिर खुद सोच-विचार कर हरेक काम करने की शक्ति आ जाती है। अपने आप काम करने के लिए तैयार हो जाता हैं। हम यह सोचें और देखे कि आत्मा के लिए जो आवश्यक खुराक है वह कहाँ और कैसे मिलता हैं? बड़े २ साधु लोग इस तरह कहते है कि आत्मा के लिये पौष्टिक और ठीक तरह के आहार की आवश्यकता होती है जो आध्यात्मिक तौर पर जीवन बिता सकते हैं। हमारे पूज्य बाबूजी महाराज ने एक जगह कहा है कि "मनुष्य के लए चरित्र ही बहुत आवश्यक चीज हैं।" वही सब कुछ कर सकते हैं। आत्मा के लिए पौष्टिक खुराक है विश्वास, प्रेम, सत्य, चरित्र, सत्संग और गुरू महाराज की दया दृष्टि। अगर इन सब को हम अपनाकर दृढ़ संकल्प के साथ, विश्वास के साथ काम करें तो इसी खुराक से पालन पोषण होकर आत्म-प्रकाश प्राप्त हो जाता है। इन सभी में खासकर गुरू महाराज की दया दृष्टि एक ही काफी है। वह न मिले तो इस दुनियाँ में किसी काम

को भी नही कर सकता वह एक ही मिले तो बाकी सभी चीजें खुद ब खुद हमारे वश में आ जाते हैं । दुनियाँ में ऐसी एक भी चीज न हो जो हमारे पास नहीं हैं ।

गुरू जन तीन प्रकार के होते है । उसी प्रकार वैद्य भी तीन तरह के होते है । एक वह कि हम उनके पास जाकर ऐसा कहकर मांगे कि मेरी तबीयत ठीक नही है । जरा दवा दी जाये तो अच्छा होगा । वे दवा देंगे । मगर उसके बारे में भूल जायेंगे और चिन्ता भी नहीं करेंगे । दूसरे ऐसे कि जब हमें देखते हैं तो कहेंगे कि आप को देखने से ऐसा मालूम होता है कि आप की तबियत टीक नही है । आप मेरे यहाँ आइये दवा देंगे । हमें उनके यहाँ जाकर दवा खाकर अपने को स्वस्थ बनाना चाहिए । मगर तीसरा एक तरह का वैद्य वह है जो बड़ा रहम दिल वाला और प्रेम की मूर्ति हो । वे हमारे (साथ रहकर) हाथ पकड़कर ले जाकर दवा को (हमारे मुँह में डालकर) हमें खिलाकर, दिन रात बिना सोये हमारी सेवा करते रहेंगे । इसी प्रकार गुरू जनो में भी है । एक ऐसे रहेंगे कि अगर हम खुद उनके यहां जाकर मांगे तो कुछ मन्त्र पढ़ाकर कहेंगे कि हमेशा रटते रहो बस । दूसरे कहेंगे कि तुम्हारा जन्म लेना सार्थक होना चाहिए । इसलिए अच्छे अच्छे काम करो ऐसा करो वैसा करो । तीसरे वाले गुरू तो हमारे को ध्येय तक पहुंचाने तक बिना सोये, हमारे हाथ पकड़कर टेढ़े मेढ़े ऊबड़ खाबड़ रास्ते पर गिरने से बचाकर जनन मरण व्याधि से बचाकर उद्धार करेंगे । हमारे बाबूजी महाराज तीसरे वाले गुरु ही है जो हमें उद्धार करते रहते हैं ।

हम कहीं भी हों वे अपनी प्राणाहुति के द्वारा साफ कर ऊँची आध्यात्मिक दशा देने के लिए तैयार रहते हैं । लेकिन हमें उसे पाने के लिए अपने को तैयार रखना चाहिए । मछली अपनी दृष्टि से अपने बच्चों का पालन पोषण करती हैं । पर कछुआी तो ध्यान के द्वारा अण्डे को पाल पोस करती है । निश्चय के साथ मुझे मालूम होता है कि हमारे गुरू महाराज भी अपनी ध्यान शक्ति के द्वारा अपने प्यारे बच्चों को पालते रहते हैं जो सारे संसार में मौजूद हैं ।

पूज्य बाबूजी महाराज के चरणो को दृढ़ता से पकड़े तो हमारे लिए कोई भी चिन्ता नही है । यह सत्य है कि उनकी दैविक शक्ति हमारे हृदय



पर लगकर, आत्मा को उद्धार करने की पौष्टिक खुराक बनकर हरेक काम में हमारा पथ प्रदर्शन करती रहती है । हमारे पूज्य बाबूजी महाराज की शक्ति द्वारा ही सारा ससार चल रहा है । हम चाहे या न चाहे वे हम पर दया दृष्टि और प्रेम को बरसाने के लिए तैयार रहते हैं । मेरा दृढ़ निश्चय और विश्वास यह हैं कि उनकी दया ओर प्रेम को बिनः खोये चरण में लीन होकर आखिरी दम तक जीवन बिताये तो जरूर हम "सेन्टर रीजन" तक जा सकते है जिसे श्री बाबूजी कहा करके हैं । मेरे प्रभु के बारे में मैं क्या कह सकती हूं ? उन्होंने मुझ से कहा रखा है, लिखा रखा है । मेरे पास कुछ भी नही है । मैं तो साधारण कलम हूं । कलम तो अपने आप लिख नही सकती । प्रभु तो उससे लिखवाते हैं । मेरा मन संतोष से उछल पड़ा और उसमें से बिखरे हुए बूँदे ये है । मुझे क्षमा करे ।

# "गोलघर"

(गजराजसिंह लखनऊ)

कहते हैं जादू वही जो सर पर चढ़के बोले । उसी प्रकार वाणी वही जो बरबस हृदय में उतर कर घर करले । वह वाणी, वाणी ही क्या जो एक कान से सुनी और दूसरे से निकल गई । और अगर किसी प्रकार हृदय में उतर भी गई तो बकरी के गर्दन के स्तनों की भांति बोझा ही बनी रहें । किसी भी तरह लाभान्वित न कर पाये । असल वाणी का सही लक्षण तो यही है कि वह सुनने वालो के हृदय मे घर ही न बनाले बल्कि जीवन पर्यन्त प्रेरणा श्रोत का काम करती रहे । तो आइये आज ऐसी ही वाणियों का जिकर करते हैं जिनके प्रभाव से आप अपने को अछूता न रख पायगे यह उन दिनों की बात है जब एक बार श्री बाबूजी (श्री रामचन्द्र जी अध्यक्ष श्री रामचन्द्र मिशन शाहजहांपुर) लखनऊ आये हुये थे । वे अभ्यासियों मे घिरे अमृतवाणी की वर्षा कर रहे थे । कुछ ऐसा अजीब समा था कि कहते नही बनता । कोई आंखों आंखों से पी रहा था तो कोई अपनी जिज्ञासा प्रश्न पूछ कर शान्त कर रहा था । ऐसा भी होता है कि कई बार हमारे मन में शंका उभरती है मगर हम उसे जुबान पर लाने का साहस नहीं बटोर पाते। श्री बाबूजी को ऐसे व्यक्तियों को भांपते देर नही लगती । और फिर होता क्या हैं कि एसे व्यक्ति शंका को जुबान पर लाये बिना ही उसका समाधान पा जाते है । उसी आध्यात्मिक चर्चा के समय एक सज्जन ने जानना चाहा कि जो मन की दशा श्री बाबू जी की उपस्थिति में रहती है उसका प्रभाव स्थाई क्यो नही रहता । श्री बाबूजो कुछ क्षण शान्त रहे फिर मुस्कराते हुये बोले ऐसा उन व्यक्तियों के साथ ही होता है जो गोलघर के मालिक है ।

क्या कहा "बाबूजी गोलघर के मालिक" दूसरे सज्जन के मुंह से अनायास ही निकल गया ।

"जी हां" कहकर श्री बाबूजी फिर मुस्करा दिये "वह कैसे" एक और सज्जन पूछ बैठे ।

"तो सुनिये" कहकर श्री बाबू जी ने विस्तार से कहना शुरु किया। किसी धनी व्यक्ति ने एक गोलघर बनवाया। गोलघर क्या बस एक अनोखी दुनियां समझिये। ऐसी दुनियां जिसमें प्रवेश करते ही प्रत्येक व्यक्ति अपने को दूसरे ही लोक में अनुभव करता। एक ऐसे लोक में जहां का वातावरण ही कुछ और था। न मौसम का असर, न संसार के झंझावात। न दीन की खबर न दुनिया की फिकर। वहा के अनुभव को बयान करना भी गूंगे का गुड़ समझिये। वहां से एक क्षण को भी अलग होने को जो नही चाहता। मगर यह सुनकर आश्चर्य चकित न होइये कि ऐसे गोलघर का स्वामी होते हुये भी वह अभागा सदैव उसके प्रभाव से वंचित क्यों"

कई सज्जन एक साथ बोल उठे "इसलिये" श्री बाबू जी ने अपनी बात पर बल देते हुये कहा-क्योंकि वह स्वयं गोलघर को तभी खोलता जब उसके यहां कोई महमान आता और महमान के विदा होते ही फिर ताला डाल देना। श्री बाबू जी ने प्रश्न करते हुये पूछा-कि अब आप ही बताइये कि इसमें गोलघर क्या करे। कोई कितनी भी अच्छी वस्तु क्यों न हो, उसका हमारे ऊपर स्थाई प्रभाव कैसे रहेगा जब हम उसमें स्थाई रूप से रहेंगे ही नही। यही हाल उन लोगों का है जो कहते हैं कि किसी अच्छी हालत का उन पर स्थाई प्रभाव नहीं रहता। भला प्रभाव स्थाई कैसे रहे? गुरु से अलग होते ही या पूजा में जो भी हालत बनती हैं उससे हटते ही, गोलघर के मालिक की तरह ताला डाल देते हैं। अगर वे सदैव उसी हालत में डूबे रहने का प्रयास करें तो कोई वजह नही कि उसके स्थाई प्रभाव से वंचित रह जांय। ऐसा सुनते ही लगा कि एक दैवी शक्ति ने श्रोताओं को अपने में डुबो दिया। मुझे पूर्ण विश्वास है कि सुनने वाले आज भी उसी प्रकार से डूबे होंगे, बशर्ते उन्होंने गोलकर में ताला न डाला हो।

ऐसी ही एक और वाणी का किस्सा सुनिये जिसकी गुनगुनाहट प्रत्येक क्षण हृदय में गूंजती रहती है। यह बात भी लखनऊ की है। हर इतवार की भांति भाई साहब नसीबचन्द जी के यहां पूजा हुई। संत बहिन कस्तूरी जी की उपस्थिति एसे अवसरों में चार चांद लगा देती है ऐसे अवसरों का कहना ही क्या। हां तो पूजा समाप्त हुई। प्रसाद वितरण हुआ। सत बहिन कस्तूरी जी ने अभी प्रसाद खाया ही था कि एक सज्जन उनसे नमकीन खाने का आग्रह कर बैठे। ऐसा आग्रह सुनते ही वे सहज भाव से बोल उठी-"अरे भाई कुछ समय तो मुंह को मीठा रहने दो"। बहिन जी का ऐसा कहना ही था कि हंसी का ज्वालामुखी फूट पड़ा। जब हंसी का ज्वार शांत हुआ तो उन्होंने अपनी बात पर जोर देते हुये कहा भले ही आप लोग इसे हंसी में उड़ा दें मगर पूजा में असल बात यही होनी चाहिये। इतने पर भी लोग नही समझ पाये तो उन्होंने अपनी बात की व्याख्या करते हुये बताया कि जिस समय हम ध्यान में बैठते हैं उस समय हमारा मन एक विशेष प्रकार के आनन्द में डूब जाता है या यो कहिये कि उस समय हम एक विशेष प्रकार के स्वाद का अनुभव करते हैं। यह स्वाद, यह हालत, तभी स्थाई रह सकती है जब पूजा के पश्चात भी हम उसी में डुबे रहें। जो हालत ध्यान के समय आती है उसी में डूबे रहने का प्रयास करें। जिस प्रकार मीठा खाने के तुरन्त पश्चात नमकीन खाने से मीठे का स्वाद जाता रहता है। उसी प्रकार अगर पूजा के पश्चात बाहरी आकर्षणों का स्वाद लेने लगते हैं तो उसके स्थाई प्रभाव से वंचित रह जाते हैं। ध्यान हमें एक बिन्दु पर लाता है हमारी कोशिश यही होनी चाहिये कि उस बिन्दु में बिखराव न आने देने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि हम सदैव अपने लक्ष्य को सामने रखे। ध्येय से ध्यान हटा नहीं कि बिखराव शुरु हो जाता है। ऐसा सुनते ही उपस्थित जन अवाक रह गये। यह बात भी आज से काफी पहिले की है मगर इसका दैवी प्रभाव आज भी उसी प्रकार सजीव है जिस प्रकार सुनते समय था। आइये आज सभी मिलकर एक स्वर से करबद्ध प्रार्थना करें कि जब तक चांद और सूरज चमकते हैं तब तक ये अमृत वाणियां सुनने को मिलती रहें।

—×—

## ॥ग़ज़ल॥

डी० सी० सक्सेजा, सहारनपुर)

हम इधर से चले और उधर जायेंगे,
अपने मालिक के कदमों में रम जायेंगे ।

यह न पूछो कि मर कर किधर जायेंगे,
जिससे हैं हम जुदा उसमें मिल जायेंगे ॥२॥

जिन्दगी खुद ब खुद एक तूफान है,
हम तो जीने के हाथे ही मर जायेंगे ।

बाद मुद्दत के आया है यह राहबर,
हम तो जीते ही जी उन पै मर जायेंगे ॥१॥

हिज्र की बू है हर ओर बरपा हुई
नालाए दिल के शिकवे वे कर जायेंगे ।

मेरी मोहताजगी से परेशान क्यों ?
साथ लायें न कुछ साथ ले जायेंगे ॥३॥

राहबर की तड़प और मायूनियाँ लुटने वाले थोड़े लुटाना बहुत ।
किस्मत राहजान तो जरा देखियें एन मौके पै आकर वो सो जायेंगे ॥४॥



## ऋत-वाणी

**—क्रमागत—**

(श्री बाबूजी की Voice Real का डा० आत्माराम जाजोडिया द्वारा अनुवाद)

-क्रियात्मक साधना-

जब मनुष्य की आंखे अपने भीतर वाले 'स्व' की ओर मुड़ती हैं, तभी वह असलियत में मानव कहाने योग्य बनता है । यहीं सत्य की वास्तविक खोज है । जो इसे पा लेता है वह ऐसे क्षेत्र में पूर्ण प्रतिष्ठित हो जाती है जहाँ से हर चीज अपने आप उतरी है । दूसरे शब्दों में उसका सम्बन्ध मूल स्रोत से जड़ जाता है । उसके बाद केवल उस स्थिति का विकास करना रह जाता है जिसके लिये नियमित अभ्यास पर्याप्त है । मैं आसान से आसान रास्ता बताता हूँ, फिर भी लोग उसकी ओर ज्यादा ध्यान नहीं देते । कारण शायद यही हो सकता है कि उनमें सच्ची लगन या चाह नहीं है । जब लगन उत्पन्न हो जाती है (ईश्वर करे ऐसा ही हो !) तब लक्ष्य की प्राप्ति में बिल्कुल देर नहीं लगती ।

अफसोस की बात है कि हमारे अधिकांश सतसंगी भाई अपने आप में ही बिल्कुल डूबे रहते हैं और उसी को सबसे महत्व पूर्ण समझते हैं । असंख्य जन्म-जन्मान्तर बीत गये पर अब तक हम अपने 'देश, वापस पहुँच नहीं सके । और अब भी उसकी याद हमारे दिल में फिर से एक बार नहीं जागती । दरअसल यह सब ईश्वर की मर्जी पर ही निर्भर है । जितना भी देने की मेरी शक्ति है वह सब वे मुझसे ले लें । उसके बाद भी अगर उनकी चाह बनी रहे तो मैं बड़ी खुशी से उन्हें मेरे से श्रेष्ठतर व्यक्ति के पास जाने की सलाह दूँगा । सबसे अधिक आनन्द तो मुझे तब होगा जब मैं लोगों को मेरे से भी अधिक ऊपर उठते देखूँ । मैं क्या हूँ और कहा हूं, यह तो केवल गुरुदेव ही जानते हैं । मैं तो केवल इतना ही समझ सका हूँ कि मैं अपनी

सीमा का पता लगाने में भी असमर्थ हूं। मुझे पता नहीं कि अब भी मुझे कितना और तैरते जाना है। अगर आगे चलकर किसी सहयोगी मित्र को इतका पूरा पता चल सके तो उसे पश्चात्ताप होगा कि इस समय जितना मिल रहा है उतना भी नही ले सके। मुझे आश्चर्य होता है कि इतनी बार याद दिलाने पर भी उनके हृदय नहीं पिघलते। संभव है इसका भी कारण कुछ मेरी कमजोरियाँ ही हों।

हमारी पद्धति इतनी सहज है कि इसी बजह से कभी कभी इसकी पूरी महत्ता ध्यान में नहीं आ पाती। जब लोग ईश्वर जैसा है वैसा ही समझने को तैयार नहीं होते तब मामला मुश्किल हो जाता है। वे अपने मनपसन्द की कई बनावटी या झूटी चीजों का उसमें आरोप करके उसे देखना चाहते हैं, जिसके फलस्वरूप वे ईश्वर को माया के घने आवरणों से पूरा-पूरा ढँक लेते हैं। फिर जब उसी की पूजा करते है तो उस माया में ही डूब जाते है या यों कहिए कि स्थूल रूप की माया के ही पुजारी बन जाते हैं। फिर जब कोई उन्हें सच्ची बात समझाने के लिए आता है तो उसे ठग या झूटा समझ कर उससे दूर भागने लगते हैं। वे ऐसे 'महात्माओं' की ज्यादा कद्र करते है जो खुद माया के रंग में रगे हुने से उन्हे पसन्द आने वाली रँगीली चीजें ही बताते हैं। अमूमन गलती यही होती है कि वे अत्यन्त महत्त्वपूर्ण बातों की ओर तो ध्यान देते नहीं और ऐसों से मुक्ति चाहते हैं जो स्वयं मुक्त नहीं हैं। दरअसल इनमें से अधिकाँश में मुक्ति की चाह ही नहीं होती। वे तो केवल सांसारिक वस्तुओं की प्राप्ति के लिए देवी देवताओं से चिपके रहते हैं। इनमें से कुछ शायद ईश्वर की पूजा भी करते हों, पर वह भी चलते-चलाते ही, और वह भी किसी स्वार्थ की सिद्धि के लिए ही। वास्तव में वे इस प्रकार की आध्यात्मिक शिक्षा पाने के लायक ही नहीं होते, और न वे इसमें सफल ही हो सकते हैं। जब हम लोगों की दौड़ 'एकत्व' की ओर रहती है, तब वे लगातार 'अनेकत्व' की ओर छित-रते रहते है और बिचार शक्ति को अनेकों दिशाओं में वे बिखराते रहते हैं। इस तरह अनेकों और बिखराई हुई बिचारशक्ति कमजोर पड़ कर अन्त में टुकड़े टुकड़े हो जाती है, और ईश्वर प्राप्ति के हमारे प्रयत्न विफल हो जाते हैं। साधारणतया में ऐसे लोगो को सत्संग में शामिल नहीं करता क्यों कि मेरा अनुभव यही बताता है कि उन पर किया हुआ सारा परिश्रम बेकार ही जाता है। इसलिए उन पर अपना समय बरबाद करने के बजाय मैं ऐसों के लिए



उसका सदुपयोग करना चाहता हूँ जिन्हें आध्यात्मिक उन्नति की चाह हो।

हमारी साधना पद्धति के भीतर एक मात्र परब्रह्म परमात्मा की सच्ची पूजा के अतिरिक्त और किसी भी वस्तु की जरा भी गुन्जाइश नहीं है। इसका अनुसरण देवी-देवताओं को साथ में लेकर किसी प्रकार भी नही हो सकता। अगर कोई इन्हें छोड़ने में असमर्थ हो तो मैं उसे बाध्य नही कर सकता, पर ऐसी स्थिति में उसकी प्रगति के लिए मेरी जिम्मेदारी नहीं रह सकती। अगर वे अनावश्यक वस्तुओं को नहीं छोड़ सकते तो फिर दूसरों के पास अन्य मार्ग ढूंढ़ने के लिऐ जाते ही क्यों हैं? उनके अन्य उपाय पद्धतियों के पीछे भटकने से ही यह साफ जाहिर होता है कि उन्हे अपने मार्ग में भी दृढ़ विश्वास नहीं हैं, और अपने दिल के भीतर उन्हें कुछ गलती या कमी महसूस हो रही है। उनके लिए एकमात्र रास्ता यही है कि कुछ समय तक सच्चे दिल से ईश्वर से प्रार्थना करें कि उसकी कृपा से उन्हें सही रास्ता दिखाई पड़े। क्रियात्मक साधना करने के लिए अनुभवी और लायक व्यक्ति के मार्गदर्शन में अध्यात्मिक प्रशिक्षण की क्रिया सीखनी अत्यन्त आवश्यक है। पुस्तकों से इस विषय में पथ प्रदर्शन नहीं मिल सकता क्यों कि उनसे कभी कभी गलत दिशा मिल जाती है जो खतरनाक भी सिद्ध हो सकता है। पुस्तकों में दिये हुए उपाय अक्सर श्रयोत्पादक होते हैं क्यों कि वे विषय को केवल बाहर से ही स्पर्श करते हैं। केवल किताबों में लिखे औषधियों के गुण दोष वर्णन पढ़कर कोई वास्तविक वैद्य थोड़े ही बन सकता है? उसी तरह ईश्वर; आत्मा आदि का बाहरी स्थूल ज्ञान और रास्ते में आने वाली विभिन्न आध्यात्मिक अवस्थाओं की जानकारी प्राप्त कर लेने मात्र से कोई असलियत में लक्ष्य तक पहुँच गया, ऐसा थोड़े ही माना जा सकता है? आम के स्वाद की पूरी समझ केवल किताब में लिखे वर्णन पढ़ने से कैसे आ सकती है? मिठाई का स्वाद तो चखने से ही मालूम पड़ेगा, यह कहावत प्रसिद्ध है।

आजकल के धर्मगुरू जो लोगों के पथप्रदर्शक का काम करते हैं, उन्हें ऐसी ही चीजें बताते हैं और उन्नति होने के झूठे बचन देते रहते हैं। लोग भी यह समझने या पता लगाने की कभी कोशिश नहीं करते कि बताई हुई क्रियाएं उनका शारीरिक, मानसिक या आध्यात्मिक विकास करने में समर्थ

होंगी या कुछ भी नहीं कर सकेंगी। अधिकांशतः जब उन्हें प्रगति पथ पर समझा जाता है तब वास्तव में वे जीव, माया, ब्रह्म आदि को लेकर अनेक तात्विक वाद विवादों में ही उलझे रहते हैं। जब भी वे बिना किसी गम्भीर लक्ष्य को स्थिर किए किसी 'महात्मा' के 'दर्शन' करने जाते हैं तो अक्सर इन्हीं विषयों की चर्चा होती है। प्रश्न यह उठता है कि इन पहेलियों का उत्तर अगर मिल भी जाये तो भी उनकी आध्यात्मिक प्रगति में वह कहां तक सहायक होगा। मेरे ख्याल में कुछ भी नहीं। फिर उनके लिए इसका मूल्य क्या ? यह केवल मानसिक तर्क की कलाबाजी के अलावा और कुछ नहीं है।

अधिकांश लोग अंधेरे में भटक रहे हैं। वे पत्थरों को देवता या उनका रूप समझते हैं। उनकी सच-झूट समझने की बुद्धि नष्ट हो गई। वे एक मानव और दूसरे मानव या अन्य वस्तुओं के बीच क्या अन्तर है, इसे समझ नहीं सकते। मानव कौन है ? वही जिसमें मानवता की भावना विकसित हो चुकी हो। परन्तु वास्तविक मानव वही है, जो मानव को पूर्ण मानव अर्थात् जैसा वह आदर्श रूप में होना चाहिए, बना सके। वह कोई असाधारण चमत्कार या करिश्मे दिखलाने वाला नट या जादूगर नहीं होता। लेकिन 'भक्तों' के बीच में ऐसे कई 'जादूगर' मिल जायेंगे जो कुछ भी न होते हुए भी बहुत कुछ होने का दम भरते हैं। वे माला के हर मनके पर 'राम राम' रटते हैं जबकि दिल उनका उससे कोसों दूर भटकता रहता हैं।

अधिकांश लोग भजन गाते और 'जय जय' चिल्लाते रहते हैं। चित्रों और प्रतिमाओं की विधि विधान के साथ पूजा करना उनका दैनिक मनोरंजन हो गया है। उनके लिए कथा दृष्टान्त भक्ति के साधन, शास्त्र-पुस्तिकों का पाठ ही पूजा, और प्रवचन, चर्चा आदि ज्ञान प्राप्ति बन गये हैं। गुरुओं और व्याख्याताओं की भी कमी नहीं रही। किसी के पास भी जाइए वह कुछ न कुछ अनुसरण करने को जरूर बतला देगा। इन सबका हो-हल्ला इतना बढ़ रहा है कि सारा आसमान उसीसे गूँज रहा है। पर सबसे आश्चर्य की बात तो यह है कि इतना सब कुछ होकर भी उनके दिल पर इसका जरा भी असर नहीं मिलता। सारी चिल्लपों के बावजूद भी वे जहां के तहां ही हैं। न तो उन्हें जो लाभ होना चाहिए वही हुआ और न जो छूटना चाहिए था वह उन्होंने छोड़ा।